बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

ई–मेल
फोन नं0 :– 0612–2217956
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :– **ceo_bihar@eci.gov.in**

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः 08 सितम्बर, 2025

### बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के दृष्टिगत एस०एस०सी०ए०ई० की बैठक

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के दृष्टिगत एस०एस०सी०ए०ई० (State Steering Committee on Accessible Election) की बैठक सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन में PwD (Persons with Disabilities) मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने तथा उन्हें विभिन्न सुविधाएँ उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, श्री प्रशांत कुमार सी०एच० ने निर्देश दिए कि PwD मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर न्यूनतम अनिवार्य सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएँ। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं एवं PwD मतदाताओं को डाक मतपत्र (Postal Ballot) से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। चुनाव की घोषणा के पाँच दिनों के भीतर संबंधित मतदाता फॉर्म 12डी भरकर अपने रिटर्निंग ऑफिसर के माध्यम से पोस्टल बैलेट हेतु आवेदन कर सकते हैं।

स्टेट मीडिया नोडल पदाधिकारी श्री कपिल शर्मा ने भारत निर्वाचन आयोग के ECINET ऐप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिहार में लगभग 6 लाख 90 हजार PwD मतदाता हैं। साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि 30 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के पश्चात भी सतत अद्यतन (Continuous Updation) के अंतर्गत नए नाम जोड़े जा सकते हैं। वर्तमान में विभिन्न चरणों में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी PwD मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, PwD मतदाताओं के लिए सहायक कर्मियों एवं वालंटियर की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा हुई। जिला स्तरीय एक्सेसिबल कमेटियों को नामित कर, PwD मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए रणनीति निर्माण एवं क्रियान्वयन की कार्य योजना पर भी विमर्श किया गया।

बैठक में उच्च शिक्षा निदेशक, प्रो० एन० के० अग्रवाल, कंपोज़िट रीजनल सेंटर (CRC) की निदेशक श्रीमती प्रियदर्शिनी, एसोसिएशन ऑफ पर्सन्स विद डिसएबिलिटीज़ की सुश्री अंजू कुमारी, माध्यमिक शिक्षा उपनिदेशक श्री अमर भूषण, श्री भुवन कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री दिव्यांशी श्रीवास्तव तथा जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रंजीत रंजन उपस्थित थे।

****************